भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 5434

(दिनांक 25.03.2026 को उत्तर देने के लिए)

पश्चिम बंगाल में प्रेस सूचना ब्यूरो द्वारा जन सूचना अभियान

5434. श्री कार्तिक चन्द्र पॉलः

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान पश्चिम बंगाल में प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी) द्वारा विशेष रूप से प्रमुख सरकारी कार्यक्रमों और योजनाओं को लक्षित करते हुए चलाए गए जन सूचना अभियानों और पहलों की संख्या और उनका ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या पीआईबी कोलकाता की रायगंज, उत्तर दिनाजपुर जिले और उत्तरी बंगाल के अन्य जिलों में वार्तालाप कार्यक्रम आयोजित करने की कोई योजना है ताकि जन जागरूकता और सरकारी पहलों के साथ जुड़ाव बढ़ाया जा सके;

(ग) यदि हां, तो आयोजित किए जाने वाले ऐसे वार्तालाप कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है और समय-सीमा और लक्षित जिलों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) सूचना का समान प्रसार सुनिश्चित करने के लिए उत्तरी बंगाल के दूरस्थ और अविकसित क्षेत्रों तक पहुंचने के लिए प्रेस सूचना ब्यूरो द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

सूचना और प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री

(डॉ. एल. मुरूगन)

(क) से (घ): वार्तालाप, पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) द्वारा छोटे कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों के पत्रकारों के साथ आयोजित मीडिया कॉनक्लेव हैं। इसका उद्देश्य ग्रामीण मीडिया के माध्यम से जमीनी स्तर पर विभिन्न स्कीमों/कार्यक्रमों के बारे में जागरूकता प्रदान करना है। पीआईबी यह सुनिश्चित करता है कि वार्तालाप कार्यक्रमों के दौरान दूरदराज एवं वंचित क्षेत्रों सहित सभी क्षेत्रों पर पर्याप्त रूप से ध्यान दिया जाए। इसके लिए, पीआईबी के क्षेत्रीय कार्यालय वार्तालाप आयोजित करने के स्थानों को परिवर्तित करते रहते हैं, ताकि सभी जिलों में व्यापक कवरेज सुनिश्चित की जा सके।

पिछले तीन वर्षों के दौरान, पीआईबी, कोलकाता ने उत्तर बंगाल में निम्नलिखित स्थानों पर 04 वार्तालाप आयोजित किए हैं:

क्र.सं.	वित्तीय वर्ष	वार्तालाप की संख्या	स्थान
1	2023-24	1	बेलूरघाट
2	2024-25	1	कूच बिहार
3	2025-26	2	अलीपुरद्वार और सिलीगुड़ी

वर्तमान वर्ष की शेष अवधि के लिए, पीआईबी के पास ऐसे किसी वार्तालाप के आयोजन की कोई विशिष्ट योजना नहीं है। उत्तर बंगाल के दूरस्थ एवं कम विकसित क्षेत्रों में लोकसंपर्क संबंधी कार्यकलाप विभिन्न पहलों के माध्यम से भी किए जा रहे हैं, जो सूचना के समान प्रसार को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

****